हरिभूमि

# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि

रोहतक, बुधवार, 10 सितंबर 2025

11 छोटूराम नगर में प्रभावितों को बांटी राहत सामग्री



12 कन्या गुरुकुल की छात्राओं ने लिया आत्मरक्षा का प्रशिक्षण



## खबर संक्षेप

### हेरोइन फेंककर फरार हुआ युवक गिरफ्तार

**झज्जर।** पुलिस की एक टीम द्वारा नशीला पदार्थ हेरोइन फैंक कर फरार हुए आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस चौकी मातनहेल प्रभारी सत्यवीर ने बताया कि पकड़े गए आरोपी की पहचान धर्मेंद्र निवासी बिरोहड जिला झज्जर के तौर पर की गई है। आरोपी के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाई करते हुए स्थानीय अदालत में पेश किया गया। जहां से आरोपी को पूछताछ के लिए एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

### एनएसक्यूएफ मेले में दी रोजगार की जानकारी



**झज्जर।** मंगलवार को शहीद नायब सूबेदार रविंद्र जाखड़ वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय साल्हावास में विद्यार्थियों को बुधवार को आयोजित किए जाने वाले एनएसक्यूएफ रोजगार मेले की जानकारी दी गई। वरिष्ठ प्रवक्ता नरेंद्र कुमार रोहिल्ला की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में वीटी सिक्योरिटी राजेश कुमार व वीटी ब्यूटी वेलनेस स्नेह लता ने 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों को बताया कि बुधवार को स्थानीय पीएमश्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में जिला स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को रोजगार मेले में बढ़ चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर डॉक्टर सुनीता, डॉक्टर हरिओम खनगवाल व एसएमसी सदस्य भी उपस्थित रहे।

### बाढ़ पीड़ितों के आर्थिक सहायता राशि निर्धारित

**झज्जर।** जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने बताया कि हरियाणा सरकार की ओर से बाढ़ जैसे हालातों और जलभराव प्रभावितों की मदद के लिए विभिन्न श्रेणियों में आर्थिक सहायता राशि निर्धारित की है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार की ओर से व्यक्ति की मृत्यु पर 4 लाख रुपए, व्यक्ति की अंग हानि 40 से 60 प्रतिशत पर 74 हजार रुपए, अंग हानि 60 प्रतिशत से अधिक पर 2.50 लाख रुपए, मैदानी क्षेत्र में क्षतिग्रस्त मकान पर 1.20 लाख रुपए, पहाड़ी क्षेत्र में क्षतिग्रस्त मकान पर 1.30 लाख रुपए, आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त पक्के मकान 15 प्रतिशत तक 10 हजार रुपए, आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त कच्चे मकान 15 प्रतिशत तक 5 हजार रुपए, गांव में दुकान,संस्थान, उद्योग को 100 % हानि एक लाख या वास्तविक हानि, व्यावसायिक हानि एक से पांच लाख रुपए तक पर 1.75 से 3.05 लाख दिए जाएंगे।

## सीएसआईआर परीक्षा में माजरा की बेटी करीना ने रचा इतिहास

### मेधावी छात्रा ने देशभर में पहला स्थान प्राप्त किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

क्षेत्र के गांव माजरा की किसान परिवार की बेटी करीना कादियान ने सीएसआईआर परीक्षा में देश भर में प्रथम स्थान प्राप्त करके इतिहास रचा है। करीना के पिता सोमवीर सिंह किसान है व माता पिंकी देवी एक गृहिणी है। चार बहनों में सबसे बड़ी करीना कादियान शुरू से ही पढ़ाई के प्रति समर्पित रही है। उसने बारहवीं कक्षा तक शिक्षा गांव के सीआर सीनियर सैकेंडरी स्कूल ली जिसके बाद महारानी किशोरी बाई जाट कॉलेज से उसने बीएससी की तथा चौधरी देवीलाल यूनिवर्सिटी सिरसा से माइक्रोबायोलॉजी में एमएससी में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करके अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।



**माता- पिता को दिया सफलता का श्रेय**

करीना ने इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता व परिवार को दिया है। उसने अपने पहले प्रयास में 2024 में उसने नेट की परीक्षा पास की। इसके बाद उसने अपना सारा ध्यान सीएसआईआर परीक्षा की तैयारी में लगा दिया। परीक्षा में शत-प्रतिशत परसेंटाइल लेकर के 178.5 अंकों के साथ अव्वल रही।

## एशियन यूथ गेम्स के लिए हार्दिक का चयन



### प्रतियोगिता 22 से 31 अक्टूबर तक बहरीन में होगी

**बहादुरगढ़।** बाल विकास सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्र हार्दिक अहलावत ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक बार फिर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। आर्ट्स 12वीं के छात्र हार्दिक अहलावत का चयन तीसरे एशियन यूथ गेम्स के लिए 78 किलोग्राम श्रेणी में हुआ है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 22 से 31 अक्टूबर तक बहरीन में होगी। हार्दिक पंचकूला स्थित देवीलाल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में प्रशिक्षण लेगा। स्कूल डायरेक्टर एडवोकेट प्रवीण छिल्लर, डॉ. सीमा छिल्लर व प्राचार्या डॉ. पूनम चौधरी ने हार्दिक को बधाई व पदक जीतने की शुभकामना दी।

## ड्रेन के बार-बार टूट रहे तटबंध जलभराव भी कम नहीं हो रहा

कटाव को रोकने के लिए मुंगेशपुर ड्रेन के तटबंधों को मजबूत करने में जुटा प्रशासन, सरपंच एसोसिएशन के सदस्य भी मदद के लिए मैदान में डटे



बहादुरगढ़। परनाला के निकट कटाव को रोकते अशोक राठी व अन्य।



बहादुरगढ़। तटबंधों पर मिट्टी के कट्टे लगाते टीम के सदस्य।



बहादुरगढ़। शिविर मरीजों की जांच करते चिकित्सक।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

मुंगेशपुर ड्रेन टूटने के कारण शहर के छोटूराम नगर और विवेकानंद नगर में बाढ़ सरीखे हालात हैं। एक तरफ जहां प्रशासन की टीम मुंगेशपुर व ड्रेन नंबर आठ के तटबंधों को मजबूत किया जा रहा है। वहीं दूसरी तरफ इसके अलग-अलग किनारों पर कटाव की स्थिति पैदा होने से मुसीबत कम नहीं हो रही है। जलभराव वाले क्षेत्रों से जलभराव का स्तर अपेक्षित अनुपात में कम नहीं हो रहा है। मंगलवार को जहां विवेकानंद नगर में एक जगह ड्रेन में कटाव बन गया तो पार्षद संदीप दहिया के नेतृत्व में स्थानीय निवासियों ने कड़ी मशक्कत के बाद उसे बढ़ने नहीं दिया। वहीं दूसरी तरफ परनाला में एसटीपी की तरफ से पानी का दबाव बना तो सरपंच एसोसिएशन के प्रधान अशोक राठी ने मोर्चा संभाला और स्थिति को बिगड़ने से रोका। डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने बताया कि जलभराव की स्थिति पर नियंत्रण के लिए प्रशासन निरंतर प्रयासरत है। नागरिकों की स्वास्थ्य सुरक्षा प्रशासन की प्राथमिकता है। आमजन भी सतर्कता बनाए रखें तथा किसी भी संभावित जोखिम से बचे रहें। डीसी ने बताया कि प्रशासन ने प्रभावित परिवारों के ठहरने और देखभाल के लिए बहादुरगढ़ में 15 राहत शिविर बनाए हैं।

**जांच शिविर भी लगाए :** नागरिकों की स्वास्थ्य सुरक्षा के दृष्टिगत स्वास्थ्य जांच शिविर लगाए जा रहे हैं। शिविर में अर्बन पीएचसी छोटूराम नगर की स्वास्थ्य विभाग की टीम ने नागरिकों के स्वास्थ्य की जांच की। चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुंदरम, डॉ. गगन जैन और डॉ. निशांत की टीमों द्वारा जल जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए अभियान चलाया जा रहा है।

### जलभराव बना आफत, शव यात्रा ले जाने के लिए मलबा डालकर बनाना पड़ा रास्ता



झज्जर। शव ले जाते हुए कालोनीवासी व गली में हुआ जलभराव।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

बरसात के कारण शहर के विभिन्न क्षेत्रों में हुआ जलभराव लोगों के लिए आफत बना हुआ है। इस आपदा का सबसे दर्दनाक पहलू मंगलवार को स्थानीय राधास्वामी कालोनी में उस समय सामने आया, जब एक महिला की मृत्यु के बाद उसके शव को अंतिम संस्कार के लिए घर से बाहर ले जाना भी मुश्किल हो गया। परिजनों को शव को अंतिम संस्कार के लिए ले जाने के लिए मलबा डालकर रास्ता बनाना पड़ा। जब मौहल्लावासियों के सहयोग अस्थाई रास्ता बनाया जा रहा था तो इसी दौरान परिजन कोसली रोड स्थित मल संशोधन संयत्र के नजदीक श्मशान घाट में पहुंचे तो वहां भी दो से तीन फुट तक पानी भरा हुआ था। मजबूरन उन्हें सांपला डाईवर्सन रोड स्थित श्मशान घाट में शव का दाह संस्कार करना पड़ा। बता दें कि मूल रूप से भट्टी गेट निवासी जय सिंह पिछले कई वर्षों से राधा स्वामी कॉलोनी में अपने परिवार के साथ रह रहा है। उन्होंने बताया कि सोमवार देर रात उनकी पुत्रवधु का बीमारी के चलते निधन हो गया। परिवार गहरे सदमे में था, लेकिन मंगलवार सुबह उन्हें एक और बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ा। घर के चारों ओर घुटनों तक पानी भरा था। शव को बाहर निकालने का कोई रास्ता नहीं था। मौहल्लावासियों के सहयोग से ट्रॉली से मलबा डालकर पहले रास्ता तैयार करना पड़ा। उसके बाद ही शव अंतिम संस्कार के लिए ले जाया जा सका। इस प्रकार की विषम परिस्थिति देखकर लोगों की आंखें भी नम हो गईं। कालोनी वासियों का कहना है कि नगर निगम और संबंधित विभागों को बार-बार शिकायत करने के बावजूद कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। लोगों ने कहा कि आज तो वे शव को अंतिम संस्कार के लिए ले जाने के लिए रास्ता बना पाए। अगर कल किसी को अस्पताल ले जाना पड़ा, तो क्या होगा। यह घटना केवल एक परिवार का दर्द नहीं, बल्कि प्रशासनिक लापरवाही की बड़ी तस्वीर है। बता दें कि राधा स्वामी कॉलोनी में पिछले कई दिनों से पानी जमा है, जिससे लोगों के घरों तक पहुंचना भी मुश्किल हो गया है। लगातार बरसात और जल निकासी की उचित व्यवस्था न होने के कारण स्थिति बद से बदतर होती जा रही है।



## पुलिस आयुक्त के नाम से फेसबुक पर चलाए जा रहे फर्जी अकाउंट और ग्रुप

### पुलिस ने केस दर्ज किया

**झज्जर।** सर्विलांस शाखा इंचार्ज को सोशल मीडिया विश्लेषण के दौरान पुलिस आयुक्त के नाम से फेसबुक पर दो फर्जी अकाउंट व एक फेसबुक ग्रुप एक्टिव मिले हैं। साइबर थाना में दी गई शिकायत में सर्विलांस शाखा के इंचार्ज पीएसआई अभिषेक ने बताया कि वह जब सोशल मीडिया पर विश्लेषण कर रहा था तो उसकी नजर फेसबुक बनाए फेक अकाउंट पर पड़ी। पीएसआई अभिषेक द्वारा दी गई शिकायत में पुलिस को फर्जी अकाउंट व फेसबुक ग्रुप के यूआरएल मुहैया कराते हुए उपयोगकर्ता के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस द्वारा इस सबंध में विभिन्न धाराओं के अंतर्गत मामला दर्ज करते हुए नियमानुसार आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## सरकारी दफ्तर में जन्मदिन मनाने का वीडियो वायरल

### लोगों का गुस्सा भड़का

**बहादुरगढ़।** शहर में स्थित एक सरकारी कार्यालय में जन्मदिन पार्टी मनाने का मामला सामने आया है। मामला पब्लिक हेल्थ इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट के कार्यालय का है। घटनाक्रम की वीडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल है। इस वीडियो पर लोग तरह-तरह की प्रतिक्रिया दे रहे हैं। लोगों का कहना है कि सरकारी दफ्तर में इस तरह के निजी कार्यों की गतिविधियां शोभा नहीं देती। वहीं कुछ लोगों ने यह भी कहा कि शहर की कुछ कॉलोनियां जलभराव व सीवरेज युक्त गंदगी से सड़ रही हैं। इन हालातों की एक वजह यह डिपार्टमेंट भी है। लोग समस्या से जूझ रहे हैं और अधिकारियों के कार्यालय में पार्टी की जा रही है। एक ने तो यह प्रतिक्रिया भी दी कि पूरे जनता को सीवर की गंदगी में डुबाने के बाद सरकारी दफ्तरों में जन्मदिन का जश्न हो रहा है। लोगों का कहना है कि इसे कर्मचारियों पर कार्रवाई होनी चाहिए, जो इस आपदा की घड़ी में जनसेवा करने के बजाए जन्मदिन मनाने में व्यस्त है।

**नगर परिषद चेयरपर्सन सरोज राठी के अनुसार शहर में मानवीय तरीके से नियंत्रित करेंगे कुत्तों की संख्या**

## तीन हजार कुत्तों का बधियाकरण करवाएगी परिषद, टेंडर लगाया, 16 को ओपन होगा

कुछ दिन पहले भी टेंडर लगाया था, लेकिन उसमें किसी ने बिड नहीं लगाई थी

*टेंडर की शर्तों के मुताबिक एजेंसी को वेटनरी डॉक्टर, दवाइयां, कुत्तों को पकड़ने व रखने का इंतजाम खुद करना होगा। नसबंदी और टीकाकरण के बाद कुत्तों को उसी स्थान पर छोड़ा जाएगा, जहां से उन्हें पकड़ा गया था।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के बाद अब नगर परिषद ने 3 हजार कुत्तों का बधियाकरण करने का फैसला लिया है। इसके लिए टेंडर लगाया गया है। कुछ दिन पहले भी टेंडर लगाया था, लेकिन उसमें किसी ने बिड नहीं लगाई थी। अब परिषद ने इसे दोबारा लगाया है। यह टेंडर 16 सितंबर को खोला जाएगा।

### स्ट्रीट डॉग की बढ़ती संख्या से शहरवासी परेशान

चेयरपर्सन सरोज राठी ने कहा कि कुत्तों की बढ़ती संख्या से लोगों को परेशानी हो रही है। कुत्तों के काटने की शिकायतें शहर में काफी बढ़ रही थी। इसी के चलते नगर परिषद ने कुत्तों के बधियाकरण करने का टेंडर लगाया है। उनके अनुसार नसबंदी की प्रक्रिया पूरी तरह मानवीय तरीके से की जाएगी। सुप्रीम कोर्ट व पशु कल्याण बोर्ड की हिदायतों का पालन होगा। टेंडर की शर्तों के मुताबिक एजेंसी को वेटनरी डॉक्टर, दवाइयां, कुत्तों को पकड़ने व रखने का इंतजाम खुद करना होगा। नसबंदी और टीकाकरण के बाद कुत्तों को उसी स्थान पर छोड़ा जाएगा, जहां से उन्हें पकड़ा गया था। उनकी पहचान के लिए कान पर टी मार्क लगाया जाएगा। जिससे उसकी हिस्ट्री का आसानी से पता लग सकेगा।



**नगर परिषद चेयरपर्सन बोलीं : 6 माह से कम उम्र के कुत्तों और छोटे पिल्लों वाली मादा कुत्तों की नसबंदी नहीं की जाएगी**

सरोज राठी के अनुसार एजेंसी को यह भी ध्यान रखना होगा कि 6 माह से कम उम्र के कुत्तों और छोटे पिल्लों वाली मादा कुत्तों की नसबंदी नहीं की जाएगी। बीमार व घायल कुत्तों के लिए अलग व्यवस्था अनिवार्य होगी। नसबंदी के बाद प्रत्येक कुत्ते को कम से कम 4 दिन के लिए होम स्टे में रखा जाएगा। काम संतोषजनक न मिलने पर ठेका तुरंत रद कर दिया जाएगा। हम चाहते हैं कि शहरवासी सुरक्षित रहें और कुत्तों की संख्या भी नियंत्रित रहे।



## नंदू गैंग से जुड़े अंकित की निशानदेही पर दो विदेशी पिस्टल व कारतूस बरामद

■ एसटीएफ ने अंकित को एक और दिन के लिए रिमांड पर लिया

**बहादुरगढ़।** नंदू गैंग से जुड़े बदमाश अंकित कैर की निशानदेही पर पुलिस ने दो विदेशी पिस्टल बरामद किए हैं। इस पर हत्या, हत्या के प्रयास सहित सात आपराधिक केस दर्ज हैं। अभी तक सामने आया है कि अंकित अपने गैंग के सदस्यों तक हथियार पहुंचने और व्यवस्था करने में सक्रिय है।

उससे पूछताछ में कई और अहम खुलासों की संभावना है। इसलिए एसटीएफ बहादुरगढ़ ने उसको फिर से रिमांड पर लिया है। दरअसल, बीते दिनों अवैध हथियार सहित पकड़े गए दीपक गट्टू से पूछताछ के बाद एसटीएफ बहादुरगढ़ ने नंदू गैंग पर प्रहार करते हुए ताबड़तोड़ गिरफ्तारियां की। दीपक से पूछताछ के बाद शराब व्यापार, गिरोह संचालन में मदद व हथियारों के स्थानांतरण के खुलासे हुए। अहम बात ये कि भापड़ोदा गांव की सरपंच का पति प्रमोद, मंडोली जेल का वार्डन मुकेश भी संलिप्त पाए गए। इनके अलावा विकास, योगेंद्र, जयबीर तथा अंकित भी पकड़े गए। अंकित को छोड़कर पूछताछ के बाद सभी जेल भेजे गए। अंकित को मंगलवार तक रिमांड पर लिया गया था।

**सात मामले दर्ज : गैंग के फंडिंग नेटवर्क और हथियार सप्लाई चेन को खंगालने में जुटी पुलिस**



रिमांड अवधि में अंकित की निशानदेही पर पुलिस ने दो विदेशी पिस्टल व कार्ट्रिज बरामद किए। अंकित कैर पर विभिन्न्न थानों में हत्या, हत्या के प्रयास सहित सात आपराधिक केस दर्ज हैं। बताते हैं कि यह काफी समय से इस गैंग से जुड़ा है। गैंग को मजबूती देने, हथियारों के स्थानांत्रण व व्यवस्था करने में भूमिका निभाता है। अंकित के फंडिंग नेटवर्क, हथियार सप्लाई चेन और गिरोह के अन्य बदमाशों तक पहुंचने की पुलिस कोशिश कर रही है। एसटीएफ बहादुरगढ़ के प्रभारी इंस्पेक्टर राकेश कुमार का कहना है कि अंकित से पूछताछ में गैंग से जुड़े कई अहम सुराग मिल सकते है। इसे ध्यान में रखते हुए उसे एक और दिन के रिमांड पर लिया गया है।



# बैटल ऑफ गलवां सेट से सलमान ने शेयर की तस्वीर

**मुंबई।** बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता सलमान खान इन दिनों अपनी आगामी फिल्म बैटल ऑफ गलवां की शूटिंग में व्यस्त हैं। हाल ही में एक्टर ने अपने सोशल मीडिया पर 'बैटल ऑफ गलवां' सेट से एक तस्वीर साझा की है, जो इंटरनेट पर आते ही छा गई है। नेटिजंस इसे बेहद पसंद कर रहे हैं और प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। सलमान खान ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट किया है, जिसमें वो अपनी आगामी फिल्म 'बैटल ऑफ गलवां' की शूटिंग करते दिख रहे हैं। साझा की गई तस्वीर में अभिनेता के माथे से खून बहता दिख रहा है और वो वर्दी पहने नजर आ रहे हैं। साथ ही सलमान के सामने एक्शन के लिए क्लैपरबोर्ड लगा हुआ दिख रहा है।


लाइफ Style

# रश्मिका देवराकोंडा संग गुपचुप कर ली सगाई!

एजेंसी ▸▸ मुंबई

रश्मिका मंदाना और विजय देवराकोंडा के इश्क के चर्चे काफी लंबे समय से हैं, पर दोनों ने आज तक अपना रिलेशनशिप खुलकर कन्फर्म नहीं किया है। हालांकि, रश्मिका और विजय को कई बार साथ में देखा गया है।

वेकेशन की तस्वीरों से भी बहुत बार हिंट मिला कि रश्मिका मंदाना और विजय देवराकोंडा एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। लेकिन, अब चर्चा हो रही है कि दोनों ने सगाई कर ली है। क्या वाकई ऐसा है? रश्मिका मंदाना हाल ही साउथ इंडियन इंटरनेशनल मूवी अवाड्र्स में शामिल होने के लिए दुबई पहुंचीं। वहां उन्होंने सबका ध्यान अपनी ओर खींच लिया। हालांकि, रश्मिका की खूबसूरती से ज्यादा चर्चा हीरे की अंगूठी की रही। दरअसल, जब रश्मिका मिलान रवाना होने के लिए एयरपोर्ट पहुंचीं, तो उन्होंने उंगली में एक खूबसूरत हीरे की अंगूठी पहनी हुई थी। उसी को देख कयास लगाए जाने लगे कि रश्मिका ने सगाई कर ली है। इसका वीडियो भी सामने आया, जिसे देख यूजर्स सवाल करने लगे। वहीं, कुछ ने एक्ट्रेस को बधाई देनी भी शुरू कर दी। एक यूजर ने वीडियो देख कमेंट लिखा, 'कोई देवराकोंडा का भी हाथ चेक कर लो।' एक ने लिखा, 'बधाई हो, फाइनली।' वहीं, फैंस ने रश्मिका से कहा कि वो सच बता दें। बेशक, रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा के अफेयर की खबरें काफी समय से हैं, पर इन्हें तब और बल मिला, जब दोनों अगस्त 2025 में न्यूयॉर्क में एक इंडिया डे परेड में एक-दूसरे का हाथ पकड़े देखे गए।



हॉलीवुड मसाला



# ब्रेकफास्ट इन... रहा चर्चित एल्बम

**लॉस एंजिल्स।** कैंसर से लंबी जंग के बाद रिक डेविस ने दुनिया को अलविदा कह दिया। 81 साल की उम्र में उनका निधन हो गया। साल 2015 में उन्हें मल्टीपल मायलोमा नाम की बीमारी का पता चला था। रिक डेविस ब्रिटिश बैंड सुपरट्रैम्प के को- फाउंडर रहे, इनके रॉक म्यूजिक बैंड ने 'ब्रेकफास्ट इन अमेरिका' नाम एल्बम निकाला था, जो म्यूजिक चार्ट में अपने समय में टॉप पर रहा। इसके अलावा रिक डेविस ने 'गुडबाय स्ट्रेंजर' और 'ब्लडी वेल राइट' जैसे हिट गाने लिखे और गाए।



# द स्टूडियो ने झटकी 9 ट्रॉफी द पेंगुइन ने भी मारी बाजी

**लॉस एंजिल्स।** लॉस एंजिल्स में 2025 क्रिएटिव आर्ट्स एमी अवाड्र्स की पहली रात आयोजित हुई। इसमें 9 ट्रॉफियों के साथ एप्पल टीवी प्लस का 'द स्टूडियो' आगे रहा। एचबीओ के क्राइम ड्रामा'द पेंगुइन ने 8 अवॉर्ड अपने नाम किए हैं। वहीं, एप्पल टीवी प्लस के सेवरेंस ने 6 अवॉर्ड जीते हैं। इसमें नैरेटिव कंटेपररी प्रोग्राम के लिए प्रोडक्शन डिजाइन का अवॉर्ड भी शामिल है। दूसरी तरफ नेटफ्लिक्स के आर्केन' ने भी बाजी मारी और 4 अवॉर्ड झटके, जिसमें एक एनिमेटेड प्रोग्राम शामिल है। ब्रायन क्रैन्स्टन (द स्टूडियो), शॉन हैटोसी (द पिट) और जूलियन निकोलसन (हैक्स) उन सितारों में शामिल थे, जिन्हें पीकॉक थिएटर में विनर अनाउंस किया गया।



# दिलबरो सिर्फ एक गाना नहीं, एहसास है...

**मुंबई।** 2018 में रिलीज हुई फिल्म राजी का विदाई गीत 'दिलबरो' आज भी हर शादी की विदाई को भावुक कर देता है। यह गाना केवल एक फिल्मी सीक्वेंस नहीं था, बल्कि एक असली रिश्ते की कसक से बुना हुआ पल था। इस गाने में आलिया भट्ट और उनकी असली मां सोनी राजदान नजर आईं, जहां मां अपनी बेटी को विदा कर रही थीं। 'दिलबरो' सिर्फ एक गाना नहीं, एक एहसास है, हर उस बेटी का जो अपने पिता की उंगली थामकर पली-बढ़ी और एक दिन उनके आंसुओं के साए में विदा हो गई। गीत में दिखाया गया सीन हर उस पिता की बेबसी को सामने लाता है, जो बेटी को पलकें झपकते ही पराई कर देता है। विदाई के समय आंखों में उमड़ते आंसू, हाथों में बेटी का हाथ और सीने में उठता तूफान 'दिलबरो' ने इस दर्द को बिना किसी बनावट के बड़े परदे पर जिंदा कर दिया।



# बीच गाने में जोड़ दिया ट्रंप का नाम...

**मुंबई।** सिंगर-रैपर बादशाह इन दिनों यूएसए के अपने 'अनफिनिश्ड यूएसए टूर' पर हैं, जहां वो उत्तरी अमेरिका में धूम मचा रहे हैं। अपने गानों और रैप से बादशाह अपने कॉन्सर्ट में लोगों को झूमने पर मजबूर कर रहे हैं। इस बीच न्यू जर्सी के हालिया शो में बादशाह ने कुछ ऐसा किया जो अब वायरल हो रहा है। दरअसल, गाने के बीच बादशाह ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का जिक्र कर दिया। इससे वहां मौजूद सभी लोग हैरान रह गए और श्रोता तालियां बजाने लगे। बादशाह कॉन्सर्ट के दौरान फिल्म 'वीरे दी वेडिंग' का हिट सॉन्ग 'तारीफां' गा रहे थे। इसी दौरान बादशाह ने अचानक गाने की एक लाइन में कुछ बदलाव कर दिया और डोनाल्ड ट्रंप का नाम उसमें जोड़ दिया। पहले गाने की असली लाइन 'किन्नियां तारीफां चाहिदी ऐ तेनु जिसका अर्थ है कि तुम्हें कितनी तारीफें चाहिए गा रहे थे।

टीवी मसाला



# ठाठ-बाट दिखाने वाली तान्या मित्तल ने खोला घर का सच

**नई दिल्ली।** रियलिटी शो 'बिग बॉस 19' इन दिनों सुर्खियों में है। जिसे सलमान खान होस्ट कर रहे हैं। शो की कंटेस्टेंट तान्या मित्तल ने पहली बार अपनी जिंदगी के डार्क साइड के बारे में बताया है। जो तान्या अभी तक चकाचौंध की जिंदगी के बारे में बताती आई हैं। उन्होंने बड़ा खुलासा किया कि वह बचपन में पिता की मार पिटाई झेल चुकी हैं। उनके पिता तो उनकी शादी कर देना चाहती थीं। मगर वह घर से अपने सपनों के लिए लड़ी थीं। तान्या मित्तल ने बताया कि बचपन में उनके पिता उन्हें मारते थे। जिससे वह आत्महत्या करने के बारे में सोचने लगी थीं। कुछ दिन पहले बिग बॉस हाउस में कुनिका सदानंद और तान्या मित्तल के बीच झगड़ा हुआ था। जिसमें तान्या ने कुनिका को काफी भला-बुरा कहा। इसके बाद तान्या की लोगों ने काफी आलोचना भी की। अब कुनिका सदानंद ने एक टास्क के दौरान तान्या मित्तल की मां पर निशाना साधा और उनकी परवरिश पर सवाल उठाए। तान्या अपनी मां का अपमान सहन नहीं कर सकीं और फूट-फूट कर रोने लगीं। रोते हुए तान्या ने कहा- मेरी मां को किसी बहस में घसीटना सही नहीं है। उन्होंने मेरे लिए बहुत कुछ सहा है। मेरे पिता मुझे मारने के लिए दौड़ पड़ते थे और मेरी मां मुझे बचा लेती थीं। आज मैं जिस मुकाम पर हूं। वहां तक पहुंचना मेरे लिए आसान नहीं था।

## 7.50 लाख के सवाल पर ऑडियंस भी हुई फेल

**नई दिल्ली।** कौन बनेगा करोड़पति 17 के एक एपिसोड की शुरुआत कंटेस्टेंट अभिषेक के साथ हुई, जो ग्रेजुएशन कर रहे हैं। वे आईएएस अफसर बनना चाहते हैं। वे अपने मां-बाप के साथ एक कमरे में रहते हैं, इसलिए उनका सपना परिवार के लिए एक ड्रीम होम खरीदना है।



कंटेस्टेंट की मां ने बताया कि वे डिस्ट्रिक्ट टॉपर रहे हैं। अमिताभ बच्चन को भी उनका नाम लेने पर खुशी हो रही थी, क्योंकि उनके बेटे का नाम भी अभिषेक (बच्चन) है। अभिषेक ने शुरुआत में अच्छा खेल दिखाया, लेकिन उन्हें 50 हजार रुपए के सवाल पर पहली लाइफ लाइन संकेत सूचक का इस्तेमाल करना पड़ गया। उन्होंने 1 लाख के सवाल पर दूसरी लाइफ लाइन ऑडियंस पोल का इस्तेमाल करके सही जवाब दिया, हालांकि उन्होंने 2 लाख रुपए के 8वें प्रश्न का जवाब बिना किसी लाइफ लाइन के दिया, जो सही निकला। अभिषेक ने 3 लाख रुपए के सवाल पर तीसरी लाइफ लाइन '50 50' इस्तेमाल की और 5 लाख रुपए 10वें सवाल पर पहुंचे। उन्होंने अगले पड़ाव में सुपर संदूक के 6 सवालों का सही जवाब देकर अपनी लाइफलाइन ऑडियंस पोल का इस्तेमाल किया. 7.50 लाख रुपए के 11वें सवाल पर अभिषेक ने ऑडियंस पोल का इस्तेमाल किया, जो गलत साबित हुआ।

# सनी संस्कारी की तुलसी के नए होली सॉन्ग पनवाड़ी की दिखी झलक

**मुंबई।** जान्हवी कपूर और वरुण धवन की फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' दशहरा के अवसर पर 2 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। मंगलवार को निर्माताओं ने फिल्म के गाने 'पनवाड़ी' की एक खास झलक का मोशन पोस्टर शेयर किया है। जिसमें होली के रंग नजर आ रहे हैं। धर्मा प्रोडक्शन ने आज इंस्टाग्राम पर फिल्म के नए गाने 'पनवाड़ी' की खास झलक शेयर की। इस मोशन पोस्टर में जान्हवी कपूर, सान्या मल्होत्रा, रोहित श्रॉफ और वरुण धवन होली के रंग में रंगे नजर आ रहे हैं। इस शानदार मोशन पोस्टर के साथ निर्माताओं ने कैप्शन में लिखा, 'इस त्यौहारी सीजन में, हम आपके लिए रंगों से सराबोर कुछ मजेदार चीजें लेकर आ रहे हैं। पनवाड़ी गाना 10 सितंबर, इस बुधवार को रिलीज होगा।' फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' में हिंदी रोमांटिक कॉमेडी फिल्म है। इस फिल्म का लेखन और निर्देशन शशांक खेतान ने किया है। इस फिल्म का निर्माण धर्मा प्रोडक्शंस और मेंटर डिसाइपल फिल्म ने मिलकर किया है। सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी इस दशहरा 2 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# कभी रिलीज नहीं हुई अमिताभ की यह फिल्म फाइनल हो गई थी रेखा के साथ जोड़ी

**मुंबई।** एक वक्त था जब अमिताभ बच्चन का किसी फिल्म पर हाथ रख देना उसके हिट होने की गारंटी माना जाता था। बॉलीवुड के एंग्री यंग मैन ने लगभग हर तरह के किरदार किए और आज तक भारतीय सिनेमा जगत में सक्रिय हैं। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि उनकी एक फिल्म ऐसी भी थी, जो बनी तो सही, लेकिन ना कभी एडिट हुई और ना ही सिनेमघरों में रिलीज हुई। बावजूद इसके कि इसका टाइटल अमिताभ की छवि से काफी हद तक मेल खाता था।



***स्टार कास्ट हो चुकी थी फाइनल*** : अमिताभ बच्चन के साथ रेखा, महमूद, मदनपुरी और राकेश रोशन को कास्ट करके उस दौर के कामयाब एक्टर-डायरेक्टर महमूद ने एक फिल्म बनाने का फैसला किया। इस फिल्म का टाइटल सोचा गया - लंबू दादा। अमिताभ बच्चन फिल्म में लीड रोल प्ले करने वाले थे और उनके किरदार को थोड़ा टपोरी फील दिया गया था। महमूद के साथ अमिताभ इससे पहले 'बॉम्बे टू गोवा' बना चुके थे और वह फिल्म हिट रही थी।

### क्यों रिलीज नहीं हो सकी फिल्म

ऐसे में अमिताभ बच्चन समेत बाकी एक्टर्स को भी पूरा भरोसा था कि लंबू दादा भी बॉक्स ऑफिस पर कमाल कर जाएगी। साल 1978 में यह फिल्म अनाउंस हुई और मेकर्स के साथ-साथ क्रू और दर्शक भी इस मूवी के लिए काफी एक्साइटेड थे। लेकिन, यह फिल्म कभी रिलीज ही नहीं हुई। अगर यह फिल्म बनती तो शायद अमिताभ के कॅरियर में एक और नई उपलब्धि जुड़ जाती। दरअसल, यह फिल्म 2 स्टेज में बनाई गई। पहले जब इस पर काम शुरू हुआ और सारी चीजें फाइनल की जा चुकी थी। तब यह फिल्म टाल दी गई।

### पूरी तरह बदलकर रिलीज हुई

क्योंकि टाइटल काफी दिलचस्प था तो करीब 10 साल बाद इसे दोबारा शुरू किया गया। इस बार फिल्म के निर्देशक से लेकर प्रोड्यूसर और स्टार कास्ट तक सब कुछ बदल दिया गया। कहानी में भी काफी बदलाव किए गए। कहा जा सकता है कि एक तरह से पूरी फिल्म ही नई बनाई गई, सिर्फ टाइटल पुराना रखा गया। नई कहानी में कबीर बेदी और माधवी थे, और यह एक छोटे बच्चे और एक क्रिमिनल के कनेक्शन की कहानी थी। नया वर्जन रिलीज़ हुआ, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर चला नहीं।

## अक्षय कुमार और विकी कौशल जैसे स्टार्ट का नाम भी नहीं

# टॉप 10 स्टार्स की लिस्ट से गायब शाहरुख, ऋतिक को रणवीर ने पछाड़ा

*मुंबई। बॉलीवुड के टॉप 10 एक्टर्स की लिस्ट में शाहरुख खान, अक्षय कुमार और विकी कौशल जैसे स्टार्ट का नाम कहीं नहीं है। वहीं, एक एक्टर ऐसा है जिसमें ऋतिक रोशन, आलिया भट्ट और रणवीर सिंह जैसे एक्टर्स को धूल चटा दी है।*

***ऋतिक रोशन*** : *इंडिया फोरम ने टॉप 10 बॉलीवुड एक्टर्स की लिस्ट जारी कर दी है। एक से लेकर 8 सितंबर तक के डाटा के आधार पर यह लिस्ट बनाई गई है और इसमें 10वीं पोजिशन मिली है ऋतिक रोशन को।*

***प्रियंका चोपड़ा*** : *बीते काफी वक्त से हॉलीवुड फिल्में और टीवी शोज कर रहीं प्रियंका चोपड़ा ने अभी तक भारतीय दर्शकों के दिलों में जगह बनाई हुई है। टॉप 10 की लिस्ट में उन्हें 9वीं जगह मिली है।*

***शिल्पा शेट्टी*** : *शिल्पा शेट्टी कुंद्रा भले ही फिल्मों में जगह ना मिल रही हो, लेकिन दर्शकों ने अभी तक उन्हें अपने दिल में जगह जरूर दी हुई है। लिस्ट में शिल्पा को 8वीं पोजिशन मिली हुई है।*

***आलिया भट्ट*** : *टॉप 10 की इस लिस्ट में 7वें नंबर पर हैं आलिया भट्ट। आने वाले वक्त में आलिया भट्ट की कई फिल्में आने वाली हैं जिनमें ब्रह्मास्त्र का पार्ट-2 भी शामिल है।*

***रणबीर कपूर*** : *बैक-टू-बैक कई ब्लॉकबस्टर फिल्में दे चुके रणबीर कपूर को लिस्ट में नंबर 6 पोजिशन मिली है। खबर है कि रणबीर कपूर की फीस भी बीते कुछ महीनों में काफी बढ़ गई है।*



***रणवीर सिंह*** : *रणबीर कपूर को इस लिस्ट में पटखनी देने का काम किया है एक्टर रणवीर सिंह ने। रणवीर लिस्ट में नंबर 5 पर हैं। धुरंधर मूवी को लेकर रणवीर सिंह चर्चा में हैं, इस फिल्म में धमाकेदार एक्शन होगा और उनके साथ नजर आएंगे संजय दत्त।*

***दीपिका पादुकोण*** : *शाहरुख खान के साथ फिर एक बार बड़े पर्दे पर नजर आने जा रहीं दीपिका पादुकोण को लिस्ट में चौथी पोजिशन मिली है। मालूम हो कि किंग मूवी में दीपिका फीमेल लीड रोल करती नजर आएंगी।*

***सिद्धार्थ मल्होत्रा*** : *रणवीर सिंह, रणबीर कपूर, ऋतिक रोशन, आलिया भट्ट और दीपिका पादुकोण जैसे स्टार्स को पछाड़ते हुए सिद्धार्थ मल्होत्रा ने इस लिस्ट में तीसरी पोजिशन हासिल कर ली है।*

***कटरीना कैफ*** : *फिल्मों में भले ही नजर नहीं आ रही हैं, लेकिन विकी कौशल की पत्नी और बॉलीवुड की स्टार एक्ट्रेस कटरीना कैफ आज भी टॉप 10 की लिस्ट में नंबर 2 पर काबिज हैं।*

***सलमान खान*** : *बात करें टॉप 10 की लिस्ट में पहले पायदान पर काबिज सुपरस्टार की तो यह क्राउन मिला है सलमान खान को। बिग बॉस 19 और गलवान फिल्म की वजह से चर्चा में रहे सलमान लिस्ट में पहले नंबर पर रहे हैं। शाहरुख खान को लिस्ट में 13वीं, विकी कौशल को 15वीं और अक्षय कुमार को 18वीं पोजिशन मिली है।*

# जलभराव पीड़ितों की मदद के लिए उठे हाथ, राहत सामग्री वितरित

आप प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता ने कहा कि हालातों को गंभीरता से ले सरकार

## आप ने छोटूराम नगर में प्रभावितों परिवारों को बांटी राहत सामग्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

बरसात और मुंगेशपुर ड्रेन टूटने से बहादुरगढ़ का छोटूराम नगर बुरी तरह जलभराव की चपेट में है। गलियों में कई-कई फुट पानी भरा है। कुछ परिवार अपने घरों में कैद हैं तो कई मजबूरी में पलायन कर चुके हैं। ऐसे हालात में सोमवार देर रात आम आदमी पार्टी हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता प्रभावित क्षेत्र में पहुंचे।

उन्होंने प्रभावित लोगों से मुलाकात की और उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने जरूरतमंद लोगों को कपड़े, राशन और अन्य आवश्यक सामग्री वितरित की। इस राहत कार्य में स्थानीय नेता, कार्यकर्ताओं ने भी सहयोग किया।



बहादुरगढ़। राहत सामग्री वितरित कराते डॉ. सुशील गुप्ता। फोटो: हरिभूमि

डॉ. सुशील गुप्ता ने कहा कि ड्रेन टूटने के बाद छोटूराम नगर के हालात बेहद गंभीर हो गए हैं। लोग खाने-पीने और रोजगार की चीजों के लिए परेशान हैं। उन्होंने बताया कि अरविंद केजरीवाल के निर्देश पर आम आदमी पार्टी हरियाणा, पंजाब और दिल्ली के बाढ़ व जलभराव प्रभावित इलाकों में सक्रिय रूप से मदद पहुंचा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार को इस मामले में गंभीर होने की जरूरत है। जल्द से जल्द प्रभावी कदम उठाए जाएं ताकि लोगों को इस गंभीर स्थिति से राहत मिल सके।



झज्जर। डीसी को सहायता राशि के चेक सौंपते छुछकवास ग्राम पंचायत

## छुछकवास और बीड़ छुछकवास के ग्रामीणों ने एक लाख 17 हजार रुपये का किया सहयोग

झज्जर। पंजाब में बाढ़ पीड़ितों की सहायता के लिए गांव छुछकवास व बीड़ छुछकवास के समस्त ग्रामवासियों ने कुल एक लाख 17 हजार रुपए की राशि का योगदान दिया है। दोनों गांवों के सरपंचों महावीर सिंह व अभिमन्यु ने डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल को सहायता राशि का चेक सौंपा। डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने कहा कि बाढ़ पीड़ितों के अत्यंत मुश्किल समय में मदद करना हम सबका नैतिक कर्तव्य है। उन्होंने बताया कि गांव छुछकवास के समस्त ग्रामवासियों ने 61 हजार व बीड़ छुछकवास के समस्त ग्राम वासियों ने एकजुट होकर 56 हजार रुपए की राशि का दान कर मानवीय भावना का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुति किया।

युवा कांग्रेस ने जलभराव प्रभावितों में बांटे बिस्कुट व अन्य सामग्री

## छोटूराम नगर के लोग कई दिनों से पानी में जीने को हैं मजबूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

मुंगेशपुर ड्रेन ओवरफ्लो होने से छोटूराम नगर समेत कई कॉलोनियां जलभराव से प्रभावित हो गई हैं। इसे देखते हुए मंगलवार को युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों ने प्रभावित लोगों में पेयजल की बोतलें और बिस्कुट के पैकेट वितरित किए।

युकां के प्रदेश महासचिव प्रदीप यादव ने बताया कि युवा कांग्रेस कार्यकर्ता लगातार प्रभावित क्षेत्रों में जाकर मदद कर रहे हैं और आगे भी हर जरूरतमंद तक राहत सामग्री पहुंचाने के लिए तत्पर रहेंगे। युवा कांग्रेस नेता संदीप दहिया ने कहा कि जलभराव से लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गई है।



बहादुरगढ़। छोटूराम नगर में बिस्कुट वितरित करते संदीप दहिया।

ऐसे समय में समाज के हर वर्ग को आगे आकर मदद करनी चाहिए। युकां के हलकाध्यक्ष धर्मेंद्र राणा ने कहा कि छोटूराम नगर के लोग कई दिनों से पानी में जीने को मजबूर हैं। प्रशासन को चाहिए कि जल्द से जल्द जलनिकासी की ठोस व्यवस्था करे।

# पीएलवी ने वितरित की राहत सामग्री

- छोटूराम नगर के हर ब्लाक में पैरा लीगल वालंटियर नियुक्त किए गए हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेश अनुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बहादुरगढ़ में जलभराव से प्रभावित नागरिकों को राहत सामग्री वितरित की गई। जिला एवं सत्र न्यायाधीश अजय तेवतिया व सीजेएम विशाल के मार्गदर्शन में राहत सामग्री से भरी मोबाइल वैन यहां भेजी गई थी। सीजेएम विशाल ने बताया कि जलभराव प्रभावित लोगों को राहत सामग्री वितरण के लिए चार पैरा लीगल वालंटियर की ड्यूटी लगाई गई है। वे लोगों से उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी लेते हुए सहयोग करेंगे। छोटूराम नगर के हर ब्लाक में पैरा लीगल वालंटियर नियुक्त किए गए हैं। वे लोगों को हुए नुकसान के बारे ई-क्षति पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करने में मदद करेंगे। ताकि पीड़ितों को नियमानुसार सरकार की तरफ से मदद मिल सके। इस मौके पर कर्मजीत छिल्लर, नीता देवी, अमला देवी और संदीप जांगड़ा मौजूद रहे।



बहादुरगढ़। जलभराव क्षेत्रों में नागरिकों को राहत सामग्री वितरित करते पीएलवी।

## ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन ने सहायता राशि के ऐलान को बताया नाकाफी

बहादुरगढ़। हरियाणा सरकार द्वारा भारी बारिश व बाढ़ से प्रभावित किसानों और अन्य लोगों के लिए घोषित सहायता राशि को ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन ने नाकाफी बताया है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अनूप सिंह मातनहेल तथा सचिव जयकरण मांडौठी के अनुसार सीएम द्वारा की गई घोषणा पहले से ही महंगाई, बेरोजगारी, कर्ज से पीड़ित किसानों और मजदूरों के लिए क्रूर मजाक है।

### प्रति एकड़ 50 रुपये मुआवजा दे सरकार

उन्होंने बताया कि खेती में किसानों की लागत बहुत अधिक हो जाती है, ऐसे में प्रति एकड़ 15 हजार रुपए मुआवजा बहुत कम है। वर्तमान में भैंस की कीमत सवा से डेढ़ लाख है और क्षतिपूर्ति के रूप में 37 हजार रुपए देना अपर्याप्त है। उनके अनुसार आपदा में मौत पर कम से कम 50 लाख रुपए, ढहे हुए घर के 20 लाख, फसल बर्बादी के 50 हजार, दुधारू पशु के लिए एक लाख रुपए की आर्थिक सहायता दी जाए।

## गांव दूबलधन में वित्तीय समावेशन कैंप में ग्रामीणों को किया जागरूक

झज्जर। मंगलवार को गांव दूबलधन में वित्तीय समावेशन कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भारतीय रिजर्व बैंक के महाप्रबंधक पंकज सेठिया ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि आरबीआई वर्ष 2016 से वित्तीय साक्षरता सप्ताह का आयोजन कर रहा है। उन्होंने ग्रामवासियों को बैंक अकाउंट, सेविंग, निवेश, जीवन ज्योति बीमा योजना, जीवन सुरक्षा बीमा योजना और अटल पेंशन आदि की जानकारी दी।

इसके अलावा डिजिटल लेनदेन के साधन जैसे मोबाइल एप्लीकेशन, यूपीआई, आरटीजीएस, एनईएफटी, सीबीडीसी आदि से भी अवगत कराया।



उन्होंने ग्रामीणों के साथ डिजिटल धोखाधडी से बचने के तरीके भी सांझा किए। कैंप में पंजाब नेशनल बैंक आरसेटी निदेशक उमेश भूकर ने संस्थान में चलाए जा रहे विभिन्न प्रशिक्षण जैसे फैशन डिजाइनर, ब्यूटी पार्लर, घरेलू वायरिंग, कंप्यूटर एकाउंटिंग के बारे जानकारी देते हुए युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित किया।

**खबर संक्षेप**

### रिटायर्ड कर्मचारी 17 को जंतर-मंतर पर देंगे धरना

झज्जर। रिटायर्ड कर्मचारी संघ हरियाणा के सदस्य आगामी 17 सितंबर को दिल्ली जंतर-मंतर पर धरना देंगे। कर्मचारी संघ के जिला सचिव देवेंद्र यादव ने बताया कि वे पिछले लंबे समय से अपनी विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं लेकिन कोई सुनवाई नहीं की जा रही। वे पुरानी पेंशन बहाली, केंद्र व राज्य में रिक्त पड़े लाखों पदों पर स्थायी भर्ती समेत विभिन्न मांगों की आवाज उठाएंगे।



### लोगों को स्वच्छता के लिए किया जा रहा जागरूक

झज्जर। हरियाणा शहरी स्वच्छता अभियान के तहत स्वच्छता मुहिम को जनभागीदारी के साथ सफल बनाया जा रहा है। इस मुहिम में विभिन्न विभागों के अधिकारी भी सफाई व्यवस्था पर निगरानी रखते हुए लोगों को प्रेरित कर रहे हैं। डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने कहा कि स्वच्छता अभियान के तहत शहरी क्षेत्र को गंदगी से मुक्त व स्वच्छ बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शहर को स्वच्छ रखने में आम नागरिकों का सहयोग जरूरी है। उन्होंने कहा कि यह अभियान केवल 11 सप्ताह का नहीं है, बल्कि इसको नियमित रूप से जारी रखना है।

## पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में साक्षी ने पाया पहला स्थान



झज्जर। विजेता विद्यार्थियों के साथ शिक्षक एवं चिकित्सक। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

स्वास्थ्य विभाग द्वारा ओरल हेल्थ पखवाड़े के अंतर्गत मंगलवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिलानी के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया।

प्रतियोगिता में डिप्टी सिविल सर्जन डॉक्टर ममता त्यागी व डेंटल सर्जन डॉक्टर सरिता ने मुख्य रूप से शिरकत की। डॉक्टर ममता त्यागी ने विद्यार्थियों को बताया कि जिस बच्चे का मुख साफ व स्वच्छ होगा उस बच्चे का शारीरिक मानसिक विकास तेजी से होता है। डेंटल सर्जन डॉक्टर सरिता ने बताया कि प्रतियोगिता में 59 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता परिणामों में साक्षी ने पहला, नैंसी को दूसरा व पावनी को तीसरा स्थान मिला। स्कूल की प्राचार्य सुशीला देवी ने बताया कि सभी विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया गया।

## लेखन प्रतियोगिता में प्रियांशी प्रथम और संगीता द्वितीय रही



झज्जर। शिक्षकों के साथ उपस्थित प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागी। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

राजकीय महाविद्यालय दुजाना में हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में अंतः कक्षीय स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। हिंदी विभाग द्वारा प्राचार्य डॉक्टर राजेश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ भाग लिया। प्राचार्य ने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ सांस्कृतिक व साहित्यिक गतिविधियों में भाग लेने तथा अपनी मातृ भाषा का अधिक से अधिक प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम संयोजिका डॉक्टर सीमा कुंडू व सहयोगी डॉक्टर कुलदीप राठी ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि अपनी भाषा के विकास द्वारा ही हम अपने देश का विकास कर सकते हैं।

प्रतियोगिता परिणामों में प्रियांशी ने पहला, संगीता ने दूसरा व नवीन ने तीसरा स्थान हासिल किया। प्राचार्य ने विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



झज्जर। बैठक में उपस्थित शिक्षकों को संबोधित करते हुए डीईओ राजेश कुमार।

## प्राथमिक शिक्षकों की सक्रिय भागीदारी इस मिशन की सफलता के लिए अत्यंत आवश्यकः डीईओ

- सभी जिला एवं खंड स्तरीय अधिकारी एक-एक स्कूल को लेंगे गोद

झज्जर। निपुण हरियाणा के तत्वावधान में मंगलवार को शिक्षा विभाग के विभिन्न हितधारकों की जिला स्तरीय मासिक बैठक राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में हुई। बैठक की शुरुआत में जिला निपुण समन्वयक डॉक्टर सुदर्शन पूनिया ने राज्य द्वारा निर्धारित एजेंडे को प्रस्तुत करते हुए की। बैठक में निपुण मिशन के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा हुई, जिसमें मेंटर्स और मॉनिटर्स की विद्यालयों में विजिट का अनुपालन, खंड और जिला अधिकारियों द्वारा विद्यालयों का गोद लेना, शिक्षा कार्यालयों और कक्षाओं में निपुण लक्ष्यों का प्रदर्शन तथा दूसरी और तीसरी कक्षाओं के मूल्यांकन पर विशेष ध्यान देना शामिल रहा। जिला परियोजना समन्वयक सुशील भारती ने राज्य की समीक्षा बैठक के अपने अनुभव को साझा किया। जिला शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार ने अपने संदेश में सभी हितधारकों से निपुण भारत के सपने को साकार करने के लिए पूरी निष्ठा से काम करने का आह्वान किया। उन्होंने निर्देश दिए कि प्राथमिक शिक्षक निपुण मिशन के अंतर्गत आयोजित सभी क्लस्टर, खंड, जिला या राज्य स्तरीय बैठकों या कार्यशालाओं में अनिवार्य रूप से भाग लें। उन्होंने कहा कि प्राथमिक शिक्षकों की सक्रिय भागीदारी इस मिशन की सफलता के लिए अत्यंत आवश्यक है। राज्य टीम के सदस्य अभिषेक ने 15 और 16 सितंबर को निर्धारित आगामी मूल्यांकन के लिए सभी मेंटर्स को प्रशिक्षण दिया। इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी राजबाला फोगाट, जयपाल दहिया, रोहताश दहिया, डाइट संकाय सदस्य सुनील कुमार आदि उपस्थित रहे।

## विधायक ने 25 की सम्मान दिवस महारैली का निमंत्रण दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

इनेलो विधायक दल नेता आदित्य देवीलाल ने मंगलवार को भी 9 गांवों में जनसंपर्क करते हुए जननायक ताऊ देवीलाल की 112वीं जयंती पर रोहतक में 25 सितंबर को होने वाली सम्मान दिवस महारैली का निमंत्रण दिया।

आदित्य देवीलाल ने मंगलवार को जसोर खेड़ी, आसोदा, बराही, सांखोल, जाखोदा, मांडोठी, टांडाहेड़ी, सराय औरंगाबाद व कसार का दौरा कर लोगों को 25 सितंबर की सम्मान दिवस महारैली का न्यौता दिया। उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों से हरियाणा में भाजपा सरकार ने केवल लोगों में जातपात का जहर घोलने, धर्म के नाम पर बांटने और प्रदेश का भाईचारा खराब करने का काम किया है। आज प्रदेश की कानून व्यवस्था पूरी तरह से खत्म हो चुकी है। महंगाई, बेरोजगारी व भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए सरकार के पास कोई ठोस रणनीति नहीं है, जिसका खामियाजा आमन भुगत रहा है। इस मौके पर शीला नफे सिंह राठी, जिलाध्यक्ष सतपाल पहलवान, भूपेंद्र राठी, रामनिवास सैनी, नीलम ढिल्लो, दयानंद दलाल, महेंद्र दलाल, राजबीर परनाला आदि मौजूद रहे।



बहादुरगढ़। ग्रामीणों को संबोधित करते विधायक आदित्य देवीलाल। फोटो: हरिभूमि

### सम्मान समारोह की तैयारियां जोरों पर

झज्जर। आगामी 25 सितंबर को रोहतक में आयोजित होने वाली चौधरी देवीलाल जयंती सम्मान समारोह को लेकर इनेलो पार्टी की ओर से तैयारियां जोरों पर हैं। इनेलो के जिला कार्यालय सचिव पवन धनखड़ ने बताया कि झज्जर जिले के लिए समारोह को लेकर डबवाली से इनेलो पार्टी के विधायक आदित्य देवीलाल को प्रभारी बनाया गया है। जो कि लगातार जिले में कार्यकर्ताओं और आमजन को रैली का निमंत्रण दे रहे हैं। कार्यक्रम को लेकर जहां इनेलो सुप्रीमो हलका स्तर पर निमंत्रण देने पहुंचे थे वहीं अब आदित्य देवीलाल व जिलाध्यक्ष सतपाल पहलवान भी गांवों का दौरा कर सम्मान समारोह का निमंत्रण दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि डबवाली से इनेलो विधायक, आदित्य देवीलाल तीन दिन 11, 12 और 13 सितंबर को बेरी हलके के गांवों का दौरा करेंगे। इस दौरे के दौरान आदित्य देवीलाल 25 सितंबर को होने वाली सम्मान समारोह रैली का निमंत्रण देंगे।

**कार्यालय नगर परिषद बहादुरगढ़।**
**नोटिस आम जनता**

सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि श्री राजेश उर्फ राजेन्द्र पुत्र/पति/पत्नी श्री पूर्ण सिंट निवासी 532/16, 7 बिस्वा जटवाड़ा मोहल्ला, बहादुरगढ़ द्वारा Online NDC Portal पर Property ID No 3BA9A7G3 वार्ड नंबर-16, कॉलोनी 532/16, 7 बिस्वा जटवाडा मोहल्ला, बहादुरगढ़ जो कि नगर परिषद बहादुरगढ़ में नाम का कॉलम रिक्त है में नाम दर्ज व वर्ग गज लाल डोरा आवेदन करवाने हेतु Online Application No.(गोदनामा) से 83.00 वर्ग गज द्वारा अप्लाई किया है। अतः आम व खास को इस नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उक्त सम्पति न० 3BA9A7G3 वार्ड न० 16 कॉलोनी 7 बिस्वा जटवाडा मोहल्ला बहादुरगढ़ पर यदि कोई अन्य हकदार है या उक्त सम्पति पर किसी को कोई आपति है तो वह सबूतों सहित इस नोटिस के प्रकाशन के 30 दिन के अंदर-अंदर नगर परिषद बहादुरगढ़ कार्यालय में आकर अपना दावा पेश करे। अन्यथा इस नोटिस का समय समाप्त होने पर यह सम्पति न० 3BA9A7G3 83.00 वर्ग गज प्रार्थी श्री राजेश उर्फ राजेन्द्र पुत्र/पति/पत्नी श्री पूर्ण सिंह के नाम से नगर परिषद बहादुरगढ़ के रिकार्ड में दर्ज कर दी जायेगी। जिसमें नगर परिषद बहादुरगढ़ की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**हस्ता/-कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद बहादुरगढ़**

**सूचना**

हम, संजय पुत्र हरिप्रकाश व पिंकी पत्नी संजय निवासीवान मकान नंबर-227ए,वार्ड नंबर-20, लालचंद कॉलोनी, नई बस्ती, बहादुरगढ़, जिला झज्जर, हरियाणा बयान करते हैं कि हमारी पुत्री जिग्यासा हमारे कहने सुनने से बाहर है और हम उससे अपने तमाम संबंध समाप्त करते हुए अपनी चल-अचल संपति से बेदखल करते हैं। भविष्य में उसके साथ किसी तरह का लेन-देन करने व व्यवहार रखने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। वह अपने प्रत्येक कार्य के लिए स्वयं जिम्मेवार होगी। हमारा व हमारे परिवार के सदस्यों का उससे कोई संबंध व सरोकार नहीं रहा।

**सूचना**

मैं, रॉकी पुत्र भूपेन्द्र गांव अम्बोली तह० व जिला झज्जर हरियाणा बयान करता हूं कि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम रोहित दर्ज है जबकि मेरा वास्तविक नाम रॉकी है जो कि मेरे जन्म प्रमाण पत्र व स्कूल सर्टिफिकेट में भी दर्ज है। ROCKY URF ROHIT उक्त दोनों नामों का मैं एक ही व्यक्ति हूं तथा उक्त दोनों नाम मेरे स्वयं के हैं। भविष्य में सभी उद्देश्यों के लिए मेरा नाम रॉकी रहेगा।

**ईसीएचएस पॉलीक्लिनिक बहादुरगढ़ के लिए भवन किराये पर लेना**

1. ईसीएचएस, बहादुरगढ़ में पूर्व सैनिकों के लिए ईसीएचएस पॉलीक्लिनिक हेतु मासिक किराये पर अनुबंध के आधार पर भवन किराये पर लेने के लिए कानूनी मालिक से आवेदन आमंत्रित करता है। शहर/कस्बे के भीतर और मुख्य सड़क के पास स्थित । बिजली और पानी के स्त्रोतों की उपलब्धता।
2. भवन में 7-8 कमरे और भवन का माप (निर्मित क्षेत्रफल) लगभग 2000 वर्ग फुट होना चाहिए। भवन में पार्किंग स्थल, गैराज और 4 शौचालय भी होने चाहिए। मालिक आवश्यकतानुसार क्षेत्र में बदलाव करने को तैयार है।
3. इच्छुक व्यक्ति विज्ञापन के दिन से 15 दिनों के भीतर सादे कागज पर पूरे पते के साथ प्रभारी अधिकारी, बहादुरगढ़ को आवेदन कर सकते हैं। मोबाइल 9306952073, 01276-244418.
4. निम्नलिखित विवरण संलग्न करें। रजिस्ट्री (डीड पेपर) और अनुमोदित साइट प्लान।

स्थान : बहादुरगढ़ — हस्ता/- प्रभारी अधिकारी
दिनांक : 09 सितंबर 2025 — ईसीएचएस पॉलीक्लिनिक बहादुरगढ़

बेटी भी किसी भी क्षेत्र में बेटों से कम नहींः प्रवेश

# कन्या भ्रूणहत्या के खिलाफ लोगों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

आशा वर्कर्स यूनियन द्वारा क्षेत्र की पीएचसी छुछकवास, मातनहेल व ढाकला में कार्यक्रमों का आयोजन कर लोगों को कन्या भ्रूणहत्या के खिलाफ जागरुक किया गया।

आशा वर्कर यूनियन की राज्य सचिव प्रवेश ने बताया कि कार्यक्रमों के दौरान लोगों को समझाया गया कि बेटी भी किसी भी क्षेत्र में बेटों से कम नहीं है। पढ़ाई और खेलकूद में बेहतर प्रदर्शन कर बेटियां अपने अभिभावकों का नाम रोशन कर रही हैं। लोगों को चाहिए कि वे बेटा-बेटी दोनों को बराबर अधिकार दें। जिला प्रधान किरण, मूर्ति माजरा व सुदेश बेरी ने भी लोगों को कन्या भ्रूण हत्या के खिलाफ जागरुक करते हुए बताया कि प्रदेश भर में चलाए जा रहे इस अभियान का जत्था आगामी 15-16 सितंबर को यहां पहुंचेगा। उन्होंने बताया कि जागरुकता अभियान जत्थे दो टीमों में चल रहे हैं। एक टीम फरीदाबाद, पलवल, गुड़गांव, रेवाड़ी, महेंद्रगढ़, दादरी, झज्जर, सोनीपत, पानीपत, करनाल होते हुए कुरुक्षेत्र पहुंचेगी तथा दूसरी टीम सिरसा, फतेहाबाद, हिसार, भिवानी, रोहतक, जींद, कैथल, करनाल, यमुनानगर, पंचकूला, अंबाला होते हुए कुरुक्षेत्र पहुंचेगी।



झज्जर। कार्यक्रम के उपरांत ज्ञापन सौंपते हुए कर्मचारी।

## जिला पुलिस ने विद्यार्थियों को किया जागरूक

झज्जर। जिला पुलिस द्वारा महिला सशक्तिकरण एवं महिला विरुद्ध अपराधों, साइबर क्राइम व नशे के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को महिला थाना प्रभारी किरण ने राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय छुछकवास में विद्यार्थियों को जागरूक किया। उन्होंने विद्यार्थियों को डायल 112 ऐप के बारे में जानकारी दी। वहीं उन्होंने ऑनलाइन वित्तीय ठगी से बचाव, फेसबुक हैकिंग, बार कोड के माध्यम से होने वाले फ्रॉड, व्हाट्सएप हैकिंग से बचाव, फर्जी वेबसाइट से होने वाले फ्रॉड के संबंध में सावधानियां बरतने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि किसी तरह का साइबर फ्रॉड होने पर साइबर राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें। इस दौरान उन्होंने नशे के दुष्प्रभाव के बारे में भी विद्यार्थियों को जागरुक करते हुए कहा कि हमें कभी भी नशा नहीं करना चाहिए, क्योंकि नशा विनाश का दूसरा रूप है।



## खबर संक्षेप



बहादुरगढ़। राजकीय महाविद्यालय में एनसीसी कैडेट्स का चयन करते अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### राजकीय कॉलेज में एनसीसी कैडेट्स की हुई भर्ती

**बहादुरगढ़।** राजकीय महाविद्यालय बहादुरगढ़ में प्रथम वर्ष के छात्रों के एनसीसी में भर्ती की प्रक्रिया पूरी की गई। इसमें महाविद्यालय के सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इनमें से 18 लड़कियों और 18 लड़कों का चयन किया गया। यह प्रक्रिया हरियाणा वन बटालियन से कर्नल सुखविंदर के तत्वाधान में सूबेदार कैलाश, हवलदार संजीव और महाविद्यालय के कैप्टन मनोज कुमार की उपस्थिति में संपन्न हुई। प्राचार्य दलबीर सिंह ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी और उज्जवल भविष्य की कामना की। चयन प्रक्रिया के दौरान सीनियर प्रोफेसर डॉ. अमित छिकारा व डॉ. राजीव दहिया भी मौजूद रहे।

### छारा में लगे कैंप में 100 यूनिट रक्त हुआ एकत्र

**बहादुरगढ़।** छारा में कैंसर पीड़ितों के लिए इंडेप्थ विजन फाउंडेशन, सेवा ट्रस्ट यूके-इंडिया, बाबा संतोक दास मंदिर सेवा ट्रस्ट व ग्रामीण वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय छारा संयुक्त रूप से विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में एनएसीआई एम्स बाढ़सा की टीम द्वारा 100 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। विद्यार्थियों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं और श्रमदान कर रक्तदाताओं को प्रोत्साहित किया। रक्तदाताओं को बैज और प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया।

## आर्य वीरांगना दल की ओर से लगाया 8 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण शिविर

# कन्या गुरुकुल की छात्राओं ने लिया आत्मरक्षा का प्रशिक्षण

स्वामी देवव्रत सरस्वती ने गुरुकुल की ब्रह्मचारिणियों को आत्मरक्षा, व्यक्तिगत विकास, यज्ञ, योग एवं आदर्श चरित्र निर्माण संबंधी विषयों को लेकर शिक्षित और प्रशिक्षित किया गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

गांव लोवा कलां में स्थित कन्या गुरुकुल में सार्वदेशिक आर्य वीरांगना दल की ओर से 8 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया।

सार्वदेशिक आर्य वीर दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी देवव्रत सरस्वती के सानिध्य में यह कैंप एक सितंबर को शुरु हुआ और इसका समापन मंगलवार को हुआ।

शिविर के दौरान स्वामी देवव्रत सरस्वती द्वारा गुरुकुल की ब्रह्मचारिणियों को आत्मरक्षा, व्यक्तिगत विकास, यज्ञ, योग एवं आदर्श चरित्र निर्माण संबंधी विषयों को लेकर शिक्षित और प्रशिक्षित किया गया। शिविर का समापन मंगलवार को हुआ। गुरुकुल की छात्राओं ने अनेक शारीरिक व बौद्धिक गतिविधियों में भाग लिया।

इस दौरान कन्या गुरुकुल की मुख्य अधिष्ठात्री डॉ. राजन मान, आचार्या कृष्णा, आचार्या विद्यावती, आचार्या मूर्ति, आचार्या प्रीति, अनु आर्या, प्रतिभा आर्या व आर्या गरिमा के अलावा आर्य प्रतिनिधि सभा के जिलाध्यक्ष आर्य हरिओउ्म, केंद्रीय आर्य सभा बहादुरगढ़ की ओर से आर्य ब्रह्मजीत, आर्य रविंद्र और आर्य संजय मलिक आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।





बहादुरगढ़। कैंप में आत्मरक्षा का प्रशिक्षण लेती कन्याएं व योग पिरामिड बनाकर अपनी योग्यता दिखाती कन्याएं। फोटो : हरिभूमि



बहादुरगढ़। बिजली गुल होने के कारण ठप पड़ा सरल केंद्र। फोटो : हरिभूमि

## बिजली आपूर्ति बाधित रहने से तहसील में ठप रहा काम

**बहादुरगढ़।** तहसील कार्यालय में मंगलवार को कई घंटे बिजली आपूर्ति बाधित रही। इस वजह से रजिस्ट्री सहित सरल केंद्र से जुड़े तमाम कार्य ठप रहे। लोगों को परेशानी झेलनी पड़ी। बिजली आपूर्ति बाधित रहने से तहसील के कर्मचारी भी असहाय दिखे। सुबह करीब साढ़े सात बजे से बिजली गुल हो गई थी, जो दोपहर ढाई बजे तक भी बहाल नहीं हो पाई। बिजली न रहने का सबसे ज्यादा असर तहसील परिसर स्थित सरल केंद्र पर देखने को मिला। यहां रजिस्ट्री, प्रमाण पत्र, नामांतरण सहित तमाम सरकारी कार्य किए जाते हैं। सुबह से तहसील परिसर में लोग अपने दस्तावेजों से जुड़े काम कराने पहुंचे थे। लेकिन बिजली न आने के कारण वे केवल इंतजार ही करते रहे। लोगों का कहना था कि तहसील में कामकाज का अधिक दबाव सुबह से दोपहर तक ही रहता है, ऐसे में बिजली न होने से पूरा दिन बर्बाद हो गया। कर्मचारियों के पास भी कोई विकल्प नहीं था, क्योंकि ऑनलाइन कार्य बिना बिजली और इंटरनेट के संभव नहीं हो सका। बता दें कि तहसील से संबंधित अधिकांश कार्य अब सरल केंद्र के माध्यम से ऑनलाइन होते हैं। चाहे रजिस्ट्री हो या प्रमाण पत्र निकालना, सभी कार्य कंप्यूटर प्रणाली पर निर्भर हैं। ऐसे में बिजली गुल होते ही पूरा सिस्टम ठप हो जाता है और कामकाज रुक जाता है।

## किलोमीटर दौड़ में तीसरे नंबर पर रही सीमा रावत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित रेड टेप रन में बहादुरगढ़ रनर्स ग्रुप के धावकों ने उम्दा प्रदर्शन कर हरियाणा का नाम रोशन किया। लगभग 50 धावकों के दल के साथ मैदान में उतरे बीआरजी के रनर्स ने 5 व 10 किलोमीटर समेत विभिन्न श्रेणियों में शानदार टाइमिंग के साथ कई पुरस्कार जीते।

बीआरजी की धाविका सीमा रावत ने 10 किलोमीटर कैटेगरी में तीसरा स्थान हासिल किया। सत्यवान डागर, अरविंद, संदीप, आशीष, राजेंद्र पाल, धर्मवीर, विजय, वरुण, पुष्कर, बानेश, संजय भगत, वैभव तनेजा, कुणाल श्रीवास्तव, रितेश, जयप्रकाश यादव, जितेंद्र, नीलोतपल, तरुण, रवींद्र दहिया, सृजन सिंह, राकेश, रामाकांत, सुरेंद्र सहरावत ने भी शानदार प्रदर्शन किया।

बीआरजी के संस्थापक और कोच दीपक छिल्लर ने बताया कि हमारी हर दौड़ केवल प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि समाज को नशा छोड़ने और दौड़ से जोड़ने का संदेश देती है। ग्रुप लंबे समय से मिशन फिट बहादुरगढ़ अभियान चला रहा है। दौड़ की शुरुआत से लेकर समापन तक उनकी ऊर्जा और जोश ने दर्शकों और आयोजकों का ध्यान खींचा। बीआरजी अब दिल्ली हाफ मैराथन और बीआरजी एनुअल रन समेत अन्य स्पर्धाओं की तैयारियों में जुट गया है।



बहादुरगढ़। दौड़ के बाद बीआरजी के विजेता और प्रतिभागी धावक। फोटो : हरिभूमि

## वर्तमान जीवनशैली में फिजियोथैरेपी जरूरीः डॉ. महिपाल

- शिक्षा के साथ सह-शैक्षणिक गतिविधियां विद्यार्थियों के संपूर्ण व्यक्तित्व विकास के लिए आवश्यक

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

संस्कारम विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ हेल्थ एंड एलाईड साइंस के डिपार्टमेंट ऑफ फिजियोथैरेपी द्वारा मंगलवार को फिजियोथैरेपी-डे मनाया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों में पोस्टर प्रेजेंटेशन, मॉडल मेकिंग, रिसर्च पेपर प्रेजेंटेशन, स्पोर्ट्स एक्टिविटी और क्विज प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्यातिथि संस्कारम विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ. महिपाल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा फिजियोथैरेपी चिकित्सा का कोई साइड इफेक्ट नहीं है। आज के समय में यह चिकित्सा प्रणाली जीवन के लिए वरदान है। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है। वर्तमान समय में हमारी जीवनशैली अधिकतर आरामदायक हो गई है, जिसके कारण हम कई बीमारियों से ग्रस्त होते जा रहे हैं। ऐसे में फिजियोथैरेपी चिकित्सा अत्यंत कारगर सिद्ध हो रही है। यह न केवल दर्द और रोगों से राहत देती है बल्कि शरीर को सक्रिय, ऊर्जावान और स्वस्थ बनाए रखने में भी सहायक है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ सह-शैक्षणिक गतिविधियां विद्यार्थियों के संपूर्ण व्यक्तित्व विकास के लिए आवश्यक हैं। खेल, प्रतियोगिताएं और सांस्कृतिक गतिविधियां विद्यार्थियों को नई ऊर्जा प्रदान करती हैं।

इस मौके पर स्कूल ऑफ हेल्थ एंड एलाईड साइंस के डीन डॉक्टर आरएन चौधरी, डॉक्टर कुसुम, डॉक्टर सक्षम, डॉक्टर प्रतीक, डॉक्टर ज्योति, डॉक्टर स्मृति, डॉक्टर इशांत, डॉक्टर आकिब रसीद, डॉक्टर अंकिता सहित अन्य भी उपस्थित रहे।



झज्जर। कार्यक्रम के दौरान प्रस्तुति देते हुए विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि



बहादुरगढ़। छारा कॉलेज में पौधरोपण करते एनएसएस वॉलंटियर्स। फोटो : हरिभूमि

## छारा कॉलेज में किया पौधरोपण

**बहादुरगढ़।** छारा के चौधरी हरद्वारी लाल राजकीय महाविद्यालय में एनएसएस कोर्डिनेटर द्वारा एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत पौधारोपण किया गया। कार्यकारी प्राचार्य डॉ. संजय देसवाल के दिशानिर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रोग्राम ऑफिसर डॉ ललिता द्वारा यह कार्यक्रम करवाया गया। इस दौरान जलवायु परिवर्तन पर चर्चा की गई। पर्यावरण संरक्षण के महत्व को रेखांकित किया गया। विद्यार्थियों ने परिसर में पौधारोपण कर हरित वातावरण के संकल्प को दोहराया। साथ ही विद्यार्थियों को स्वास्थ्य और खेलों के महत्व के बारे में भी जागरूक किया गया। कार्यक्रम में मंजू मलिक, मोनिका, ज्योति, डॉ. मनोज, डॉ. गोविंद, विजय व डॉ. अश्वनी का विशेष योगदान रहा।

## सराय गांव में दी बैंकिंग योजनाओं की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

गांव सराय औरंगाबाद में मंगलवार को बैंकिंग योजनाओं की जानकारी देने के उद्देश्य से आरबीआई द्वारा विशेष वित्तीय समावेशन कैंप लगाया गया। इसमें रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के महाप्रबंधक पंकज सेतिया ने ग्राहकों व खाताधारियों को बैंकिंग योजनाओं की जानकारी दी। आरबीआई के एजीएम सुरेंद्र कुमार और एलडीएम विजय कुमार ने भी विशेष अभियान के तहत आमजन को जागरुक किया।

गांव सराय औरंगाबाद में लगाए गए कैंप में आरबीआई के जीएम पंकज सेतिया ने कहा कि जानकारी ही आपको साइबर फ्रॉड से बचाएगी। बैंकिंग से संबंधित किसी भी तरह की ओटीपी, खाता संख्या या अन्य जानकारी को दूसरों के साथ साझा न करें। सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए बैंक में खाता जरूरी है। खाता को जीवंत (चालू) रखने के लिए री केवाईसी कराते रहना चाहिए। इस अभियान का उद्देश्य सभी को वित्तीय सुरक्षा योजना से जोड़ना है।

प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। एक्सिस बैंक के क्लस्टर हैड अमित जुनेजा, बीसीयू हैड ललित टुटेजा, मेन शाखा प्रबंधक अमित छिकारा, शाखा प्रबंधक आशीष बंसल, योगेश दलाल, सरकारी योजना संचालक शालिनी वर्गीश, सरपंच राकेश राठी आदि ने आरबीआई के अधिकारियों का स्वागत सम्मान किया।



बहादुरगढ़। सराय औरंगाबाद में लगे कैंप में मौजूद ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि



बहादुरगढ़। कम्युनिटी सेंटर में की जा रही सफाई। फोटो : हरिभूमि

## कम्युनिटी सेंटर में की सफाई

**बहादुरगढ़।** भाजपा नेता जसबीर सैनी की अगुवाई में सेक्टर-9ए कम्युनिटी सेंटर में श्रमदान कर सफाई अभियान चलाया गया। सैनी ने कहा कि पौने तीन करोड़ रुपये मासिक सफाई टेंडर के बावजूद व्यवस्था लचर है। सेक्टरवासियों ने शिकायत की कि घर-घर से कूड़ा उठाने वाली गाड़ी प्रतिदिन नहीं आती और चालक कई बार रुकता नहीं, जिससे लोगों को परेशानी होती है। सैनी ने कहा कि नेताओं को फोटो सेशन छोड़ धरातल पर सफाई कार्य करना चाहिए।




बहादुरगढ़। सुषमा राणा का स्वागत करतीं प्रधान व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### शिविर में लोगों को बाल विवाह के नुकसान बताए

**बहादुरगढ़।** मंगलवार को गांव सिद्धीपुर में एक जागरूकता कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में बाल विवाह जैसी सामाजिक बुराई पर गंभीरता से मंथन हुआ। बाल विवाह निषेध अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया गया। हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य गणेश कुमार और सुषमा राणा ने कार्यक्रम में शिरकत की। इस दौरान एमडीडी ऑफ इंडिया संस्था के जिला समन्वयक मनोज कुमार, महिला एवं बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर संगीता, विकास वर्मा, सरपंच रेखा, आंगनवाड़ी वर्कर ममता व रेखा, गीता, बबली, पूनम आदि उपस्थित रहे।

## ओरिएंटेशन में छात्रों ने एनएसएस का महत्व समझा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

बादली में स्थित चौधरी धीरपाल राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नए विद्यार्थियों को एनएसएस के महत्व, इससे जुड़ने के फायदे और समाज सेवा के क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों के बारे में विस्तार से बताया गया।

यह आयोजन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी रेणु और संदीप की ओर से किया गया था। वक्ता आनंद ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए समझाया कि एनएसएस किस तरह से उनके व्यक्तित्व और भविष्य के निर्माण में सहायक हो सकता है। इस अवसर पर पूर्व एनएसएस स्वयंसेवकों ने भी अपने अनुभव साझा किए।

उन्होंने कैंपों में भाग लेने, वहां आयोजित विभिन्न गतिविधियों और उनसे हुए सकारात्मक बदलावों के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक सरोकारों के प्रति जिम्मेदारी निभाने की प्रेरणा दी। पूर्व स्वयंसेवकों ने नए स्वयंसेवकों को यह संदेश दिया कि एनएसएस केवल सेवा का माध्यम ही नहीं बल्कि नेतृत्व क्षमता और जीवन कौशल विकसित करने का मंच भी है। इस दौरान स्वयंसेवकों ने हस्ताक्षर कर राष्ट्र विकास के हित और एकता को मजबूती देने का प्रण लिया।




बहादुरगढ़। कार्यक्रम में मौजूद एनएसएस छात्र। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

**कार्यक्रम** | दिनभर तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजता रहा कॉलेज का ऑडिटोरियम

# नेहरू कॉलेज में संगीत व नृत्य कार्यक्रमों की रही धूम, गीत-संगीत की धुनों पर झूमे विद्यार्थी

विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक शानदार प्रस्तुति देकर श्रोताओं का मन मोहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय में मंगलवार को प्रतिभा खोज प्रतियोगिताओं के दूसरे दिन संगीत और डांस कार्यक्रमों की धूम रही। विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक शानदार प्रस्तुति देकर श्रोताओं का मन मोह लिया। कॉलेज का ऑडिटोरियम दिन भर तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजता रहा। कार्यक्रम में नेहरू कॉलेज के पूर्व विद्यार्थी और अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक डॉक्टर कश्मीरी लाल मित्तल ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। डॉक्टर मित्तल ने कहा कि मेहनती विद्यार्थियों के लिए अवसरों की कमी नहीं है और योग्यता तथा मेहनत से ही सफलता मिलती है। इसलिए लक्ष्य पर अपना ध्यान केंद्रित करें। उन्होंने यूएसए में अपने प्रवास के दौरान हुए विस्तृत अनुभव साझा किए। उन्होंने दस लाख रुपए का एकमुश्त दान देते हुए विश्वविद्यालय परीक्षा में प्रथम रहने वाले तीनों संकायों के विद्यार्थियों को पुरस्कार देने की घोषणा की। इसके तहत बीए की छात्रा सविता, बीएससी की छात्रा वर्षा और बीकॉम के छात्र मोहित को 15 हजार रुपए की राशि से सम्मानित किया गया।





झज्जर। कार्यक्रम के दौरान अपनी प्रस्तुति देती प्रतिभागी। फोटो : हरिभूमि

### कव्वाली ने मोहा सबका मन

संगीत विभाग के विद्यार्थियों की कव्वाली 'कहीं देर न हो जाए' ने सबका मन मोह लिया। गीत गायन प्रतियोगिता में बीए तृतीय वर्ष के सचिन ने पहला, बीए द्वितीय वर्ष के कपिल ने दूसरा और बीए प्रथम वर्ष के सिकंदर ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। सोलो डांस प्रतियोगिता में बीएससी द्वितीय वर्ष की यौवनिका ने पहला, एमए द्वितीय वर्ष की नीलम ने दूसरा और बीए प्रथम वर्ष की जिया ने तीसरा स्थान हासिल किया। ग्रुप डांस में बीए द्वितीय वर्ष की सलोनी और शगुन ने पहला स्थान प्राप्त किया। स्किट में हिमांशी की टीम ने पहला स्थान प्राप्त किया। मिमिक्री में बीकॉम द्वितीय वर्ष का छात्र दीपक प्रथम रहा। डॉक्टर मीनाक्षी ने मंच संचालन किया। जबकि प्रतियोगिताओं का निर्णय सुनीता बेनीवाल, डॉक्टर अमित भारद्वाज, रीना, डॉक्टर कविता, डॉक्टर अदिति काद्यान और निहारिका ने किया।